29/04/2026

आकाशवाणी ईटानगर

ईस्ट सियाङ जिले के निगलोक इंडस्ट्रियल ग्रोथ सेंटर में मेसर्स एथर अलॉयज़ LLP की फेरो-सिलिकॉन फैक्ट्री के खिलाफ चल रहा विरोध प्रदर्शन अस्थायी रूप से समाप्त हो गया है। प्रदर्शनकारियों ने कुछ शर्तों के तहत छह महीने के लिए अपना आंदोलन स्थगित कर दिया है। यह निर्णय मंगलवार को उस समय लिया गया जब रुक्सिन के एडीसी किरण निंगो ने डोरलुंग कम्युनिटी हॉल में प्रदर्शनकारी ग्रामीणों, संबंधित पक्षों और कंपनी के अधिकारियों की उपस्थिति में एक बैठक आयोजित की। फरवरी में अदालत के आदेश पर सामग्री ले जाने के दौरान हुई झड़प में चार पुलिसकर्मी घायल हो गए थे।

0000000000000000000000

नाहरलगुन स्थित विद्या भारती संस्थान के कक्षा बारह के एक छात्र की रहस्यमय मौत से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। विद्यालय प्रशासन के अनुसार, छात्र ने कथित रूप से आत्महत्या की है। हालांकि, परिवार ने इस दावे को सिरे से खारिज करते हुए मौत की परिस्थितियों को संदिग्ध बताया है और निष्पक्ष जांच की मांग की है।

इस संबंध में नाहरलागुन पुलिस अधीक्षक नीलम नेगा ने कहा कि मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच अभी जारी है। प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने और बिना अटकलों के जांच पूरी होने देने की अपील की गई है।

0000000000000000000000

पापुम पारे जिला प्रशासन ने मंगलवार को यूपिया में सरकारी भूमि पर अवैध अतिक्रमण और अनधिकृत निर्माण के मुद्दे पर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त लोबसांग त्सेरिंग ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी सरकारी संपत्तियों को सुरक्षित कर उचित नियंत्रण में लाया जाए। उन्होंने अतिक्रमणकारियों को निर्धारित समय सीमा के भीतर भूमि खाली करने के लिए नए नोटिस जारी करने और ऐसा न करने पर कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही, बेदखली नोटिस जारी करते समय निर्धारित प्रक्रिया और समयसीमा का सख्ती से पालन करने को कहा, ताकि कानूनी जटिलताओं से बचा जा सके।

0000000000000000000000

ईस्ट सियांग जिले के रुक्सिन सर्किल अधिकारी ने PRI नेताओं द्वारा प्रस्तुत ज्ञापनों के बाद बुधवार को कृषि और बागवानी विभाग के फील्ड अधिकारियों को चक्रवाती तुफ़ान से हुए नुकसान का आकलन करने के निर्देश दिए।

गत पच्चीस अप्रैल को आए इस तुफ़ान ने पासीघाट वेस्ट क्षेत्र के बड़े हिस्से को प्रभावित करते हुए भारी तबाही मचाई। इस आपदा से देपी, देताक, देबींग, रायाङ, ङोरलुंग, निगलोक, रालुंग और लिंग्का गांवों में व्यापक नुकसान हुआ।

0000000000000000000000

आज लोअर सुअबसिरी ज़िले के ज़िरो में ज़िला उपायुक्त ओली परमे की अध्यक्षता में अट्ठारहवीं ज़िला स्तरीय NCORD समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसका उद्देश्य ज़िले में नशीले पदार्थों की तस्करी और मादक द्रव्यों के सेवन पर रोक लगाना था। इस दौरान शैक्षिक प्रतिनिधियों द्वारा अभिभावकों के लिए जागरूकता कार्यक्रमों की तत्काल आवश्यकता पर ज़ोर दिए जाने के बाद, अध्यक्ष ने बैठक के विवरण और परिपत्रों को ZPC, DIPRO और स्कूलों के प्रमुखों के साथ साझा करने का निर्देश भी जारी किया।

0000000000000000000000

कृषि महाविद्यालय, केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय (इंफाल), पासीघाट में आज ड्रोन एवं 3D प्रिंटिंग इनोवेशन एंड एक्सपीरियंस हब का सफलतापूर्वक उद्घाटन किया गया। यह पहल क्षेत्र में तकनीक आधारित कृषि को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ईस्ट सियांग उपायुक्त सोनालिका जिवानी ने कृषि के प्रशासनिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में इसकी भूमिका को रेखांकित

किया। उन्होंने खाद्य उत्पादकों को सशक्त बनाने पर जोर देते हुए डीन और संकाय सदस्यों से कमांड एरिया डेवलपमेंट प्रोग्राम में सक्रिय भागीदारी की अपील की। उन्होंने बताया कि रुक्सिन के अंतर्गत लेदुंग क्षेत्र को इस कार्यक्रम के लिए पायलट स्थान के रूप में चुना गया है।

0000000000000000000000

अपर सियाङ ज़िले के लिकोर गांव के तीसठ निवासियों ने आज यिंगकियोंग स्थित उपायुक्त कार्यालय कॉनफ्रेंस हॉल में प्रस्तावित सियांग अपर बहुउद्देश्यीय परियोजना के प्री-फीजिबिलिटी रिपोर्ट कार्यों के लिए अपनी सहमति प्रादान की। इस नवीनतम विकास के साथ, परियोजना के समर्थन में लिकोर गांव के कुल एक सौ चौतीस परिवार शामिल हो गए हैं। जिसमें से तीरेपन परिवार वर्तमान में यिंगकियोंग में रह रहे हैं, जबकि केवल चार परिवारों की सहमति अभी बाकी है।

0000000000000000000000

ईस्ट सियांग जिले के कक्षा 10 सीबीएसई (AISSE) टॉपर्स के साथ शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए एक संवाद कार्यक्रम आज पासीघाट स्थित उपायुक्त कार्यालय कॉनफ्रेंस हॉल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में चौदह टॉपर्स ने अपने एस्कॉर्ट शिक्षकों और डीडीएसई कार्यालय के अधिकारियों के साथ भाग लिया।

0000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के सोलह ज़िलों वेस्ट कामेङ, ईस्ट कामेङ, कुरुङ कुमे, पके केसाङ, पापुम पारे, लोअर सुबनसिरी, लोअर सियाङ, ईस्ट सियाङ, लोअर दिबाङ वैली, आंजाव, लोहित, नामसाई, चाङलाङ, तिराप और लोङदिङ के लिए अगले 24 घंटों में अलग अलग स्थानों में ग़रज के सात बिजली गिरने और बहुत तेज़ बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

0000000000000000000000